सम्मान समारोह | दादा ईश्वरदास रोहाणी स्मृति 'गौरव शिखर सम्मान-2026' में समाज के विभिन्न क्षेत्रों की 12 हस्तियों का हुआ सम्मान

12 विभूतियों का सम्मान कर अभिभूत हूं : मुख्यमंत्री

जबलपुर, नवभारत। संस्कारधानी जबलपुर में आयोजित स्वर्गीय दादा ईश्वरदास रोहाणी की स्मृति में 'गौरव शिखर सम्मान-2026' समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समारोह में कहा कि 12 का अंक भारतीय संस्कृति में अत्यंत महत्वपूर्ण है। 12 वर्ष में महाकुंभ का आयोजन होता है और मैं महाकाल की नगरी उज्जैन से आया हूँ। आज नर्मदा की पावन नगरी एवं संस्कारधानी जबलपुर में समाज के विभिन्न क्षेत्रों की 12 विभूतियों का सम्मान कर स्वयं को अभिभूत महसूस कर रहा हूँ। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय दादा ईश्वरदास रोहाणी प्रेरणा, सेवा और जनसमर्पण के प्रतीक थे तथा उनकी स्मृति में आयोजित यह सम्मान समारोह समाज को नई दिशा देने वाला प्रयास है। मुख्यमंत्री ने विधायक अशोक रोहाणी एवं आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई भी दी।

समारोह में विधायक अशोक रोहाणी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अपने व्यस्ततम कार्यक्रम के बीच समय निकालकर समारोह की गरिमा बढ़ाई। उन्होंने आयोजन समिति, प्रशासन तथा सभी सहयोगियों के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों का सम्मान कर सकारात्मक प्रेरणा का संचार करना था। इस अवसर पर 12 विशिष्ट क्षेत्रों में सम्मान प्रदान किए गए।

इन 12 हस्तियों का हुआ सम्मान

शिक्षा के लिए सुश्री रेखा चुडासमा, समाज सेवा के लिए डॉ. कैलाश गुप्ता, महिला सशक्तिकरण के लिए सुश्री ज्ञानेश्वरी दीदी, संस्कृति एवं कुटुंब प्रबोधन के लिए नंदलाल नेगांधी, युवा प्रेरणा के लिए सरबजीत सिंह, आचार्य एवं वैदिक विद्वान क्षेत्र में पं. रोहित दुबे, उद्योग एवं उद्यमिता के लिए श्री नितिन चंडोक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के लिए प्रो. डॉ. वाई.आर. यादव, पत्रकारिता के लिए श्याम कटारे, सेवानिवृत्त अधिकारी वर्ग में सूबेदार आर.एन. तिवारी, विधि सेवा के लिए पूर्व महाधिवक्ता आर.एन. सिंह तथा न्याय क्षेत्र में जस्टिस देवव्रत माधव धर्माधिकारी को मुख्यमंत्री द्वारा गौरव शिखर सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता लेफ्टिनेंट जनरल हरविंदर सिंह वंद्रा ने की। विशिष्ट अतिथियों में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', विधायक अजय विश्नोई, डॉ. अभिलाष पाण्डेय, नीरज सिंह, संतोष बरकड़े, सेवानिवृत्त जस्टिस एच.पी. सिंह, रिंकु विज, संदीप जैन, विनोद गोंटिया, अखिलेश जैन, अश्विनी परांजपे, संदीप रजक, रत्नेश सोनकर एवं राजकुमार पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में डॉ. सुनील मिश्रा, सचिन जैन सहारा, आशीष राव, सौरभ गोयल, गुड्डा केवट, पुष्पराज सेंगर, दामोदर सोनी, संतोषी ठाकुर, अनुराग दाहिया, निशांत झारिया, रीना ऋषि यादव, बाबा श्रीवास्तव, कृष्णा दास चौधरी, श्याम कनौजिया, जागेश समुद्रे, दशरथ पटेल, अभिषेक पॉल, जय रोहाणी, अंकित फ्रांसिस, ज्योति रेड्डी, प्रमोद बेन, संजय जैन, अजय पदम, आशीष कुरील, पुष्पा तिवारी, विभा उपाध्याय, सुमन बर्मन, तृष्णा चटर्जी, उर्मिला विश्वकर्मा, सुधा तिवारी, हेमराज सराठे, वेद महावर, सुधीर बेन, दुर्गा मिश्रा, आशीष दास चौधरी, पवन रजक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

डुमना एयरपोर्ट पर स्वागत, ट्रेवलर से पहुंचे समारोह स्थल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सिवनी में आयोजित कार्यक्रम के बाद डुमना एयरपोर्ट आगमन हुआ। जहां जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका आत्मीय स्वागत किया गया । जबलपुर प्रवास पर आये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आज एक अलग अंदाज देखने मिला। मुख्यमंत्री डॉ यादव ईंधन बचाने का संदेश देने डुमना एयरपोर्ट से अपनी पूरी टीम के साथ एक वाहन में बैठकर मानस भवन पहुँचे, जहाँ वे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दादा ईश्वरदास रोहाणी की स्मृति मेंआयोजित गौरव शिखर सम्मान समारोह में शामिल हुये।

गुड टच से होता सम्मान का अनुभव : शक्ति वर्मा

जबलपुर, नवभारत। गुड टच वह स्पर्श है जिससे सुरक्षा एवं सम्मान का अनुभव होता है, जबकि बैड टच ऐसा स्पर्श है जिससे असहजता, भय या घबराहट महसूस होती है। बच्चों को किसी भी अनुचित व्यवहार की जानकारी बिना संकोच अपने माता-पिता, शिक्षक, अभिभावक अथवा किसी विश्वसनीय व्यक्ति को देने के लिए प्रेरित किया गया। यह बाते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर की सचिव शक्ति वर्मा द्वारा छोटे बच्चों को बताई गई। अवसर था कृष्णमूर्ति मिश्र प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के कुशल मार्गदर्शन को सांदीपानी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करौंदीग्राम रांझी तथा जल संवर्धन के उद्देश्य से ग्वारीघाट में विधिक जागरूकता शिविरों का। विद्यालय में आयोजित शिविर में शक्ति वर्मा सचिव द्वारा छात्राओं को गुड टच एवं बैड टच की जानकारी सरल एवं सहज भाषा में प्रदान की गई। उन्हें बताया गया कि साथ ही पॉक्सो अधिनियम, 2012, बाल अधिकारों एवं व्यक्तिगत सुरक्षा के उपायों की जानकारी देते हुए आवश्यकता पड़ने पर 15100 एवं 1098 हेल्पलाइन का उपयोग करने के संबंध में भी अवगत कराया गया।

ग्वारीघाट है पवित्र धार्मिक स्थल

कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, एवं छात्राएँ उपस्थित रहे ग्वारीघाट में आयोजित शिविर में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर ने नागरिकों को जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि नदियों एवं अन्य जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि ग्वारीघाट एक पवित्र धार्मिक स्थल है, अत: इसमें फूल-माला, दीपक, पॉलीथिन अथवा अन्य किसी प्रकार की पूजन सामग्री एवं अपशिष्ट सामग्री का विसर्जन न करें। पूजन सामग्री एवं अन्य वस्तुओं को नदी में प्रवाहित करने के बजाय निर्धारित संग्रहण स्थलों पर ही डालें। उन्होंने यह भी कहा कि नदी में स्नान एवं नौका विहार के दौरान आवश्यक सावधानियाँ बरतें तथा अपनी सुरक्षा के लिए लाइफ जैकेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। साथ ही सभी नागरिक जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने, जल प्रदूषण की रोकथाम एवं पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाएँ।

एक नजर में

सतीश नामदेव की पुण्यतिथि पर वक्ताओं ने किया स्मरण

नवभारत, जबलपुर। कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के संस्थापक एवं वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट सतीश नामदेव की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके पुत्रों एडवोकेट शैलेष सतीश नामदेव एवं योगेश नामदेव के राइट टाउन निवास और जिला कलेक्टर कार्यालय अधिवक्ता परिसर में श्रद्धांजलि सभाएं हुईं। इन आयोजनों में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, शहर कांग्रेस महासचिव व स्वतंत्रता संग्राम परिवार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज नामदेव, वरिष्ठ एडवोकेट प्रकाश चंद गोल्छा और जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा सहित विभिन्न सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक व अधिवक्ता संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सभी ने सतीश नामदेव के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पमाला अर्पित की।

1 किलो गांजा समेत सौदागर गिरफ्तार

जबलपुर । बरेला पुलिस ने एक किलो गांजा समेत नशे के सौदागर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से 1 किलो गांजा कीमती लगभग 50 हजार रूपये का जप्त किया गया है । टीआई संगीता सिंह ने बताया कि हाईवे रोड बरेला के पास घेराबंदी कर गगन केवट 27 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला रामपुर गोरखपुर को पकड़ा गया । बैग की तलाशी लेने पर बैग के अंदर खाकी रंग के टेप से लिपटे हुए 2 पैकेट मिले खोलकर देखने पर मादक पदार्थ गांजा, जींस पेंट के बाये तरफके जेब से मोबाईल एवं 525 रूपये नगद साथ में बस कि टिकट रखी मिली। एनडीपीएस एक्ट के प्रावधान के तहत कार्रवाई करते हुए बैग से मिले 1 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा को जब्त किया गया ।

फुल्की वाले को मारा चाकू

नवभारत, जबलपुर। गोरखपुर थाना अंतर्गत नगर निगम कार्यालय के सामने रंगदारी न देने पर बदमाश ने फुल्की का ठेला लगाने वाले युवक पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक शुभम गुप्ता 27 वर्ष निवासी इंद्रानगर गली नम्बर 2 गोरखपुर का फुल्की का ठेला नगर निगम के सामने लगाता है जब वे अपने ठेले पर था उसी समय केशु निवासी सेठीनगर आकर उससे एक हजार रूपये मांगने लगा, रूपये देने से मना करने पर चाकू से हमलाकर दोनों जांघ में चोट पहुंचाते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

1,528 वाहनों पर कार्रवाई, 59 लाख का चालान काटा

अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग और यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही

नवभारत, जबलपुर। अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग और यातायात नियमों के उल्लंघन पर आरटीओ ने शिकंजा कसा। संभागीय परिवहन सड़क सुरक्षा दल, जबलपुर ने जून माह में उल्लेखनीय कार्रवाई करते हुए 1,528 वाहनों के खिलाफ लगभग 59 लाख रुपये की चालानी कार्रवाई की है।

जून माह के दौरान चलाए गए विशेष अभियान में 26 वाहन बिना वैध परमिट, 17 ओवरलोड वाहन तथा 61 वाहनों में निर्धारित सीमा से अधिक माल बाहर निकला हुआ पाया गया। इसके अतिरिक्त 37 चालक बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस, 40 वाहन बिना वैध प्रदूषण प्रमाण-पत्र , 86 चालक बिना सीट बेल्ट तथा 159 वाहन बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के संचालित होते मिले, जिनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 324 वाहन चालक मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाते पाए गए।

इसके अलावा 2 वाहन बिना वैध बीमा तथा 2 वाहन बिना फिटनेस प्रमाण-पत्र के संचालित होते मिले। अन्य विभिन्न मोटरयान अपराधों में भी नियमानुसार चालानी कार्रवाई की गई। विदित हो कि परिवहन आयुक्त उमेश जोगा के निर्देशन में प्रदेशभर में अवैध परिवहन, कर वंचना एवं सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध चलाए जा रहे सख्त प्रवर्तन अभियान के तहत आरटीओ जबलपुर की कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है । विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार कठोर प्रवर्तन कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

ट्रेन से कटे युवक की मौत

जबलपुर। गोसलपुर थाना अंतर्गत धमकी के पास ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक ने आत्महत्या की है या वह किसी हादसे का शिकार हुआ इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक जितेन्द्र पटेल 37 वर्ष निवासी बम्हौरी पनागर ने सूचना दी कि गांव का राजेश पटेल ग्राम धमकी के पास ट्रेन से टकरा गया जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि विस्तृत जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो सकेगा जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

बोलेरो से ढुल रही शराब, दो तस्कर दबोचे

नवभारत, जबलपुर। गढ़ा पुलिस ने बोलेरो से ढुल रही शराब पकड़ी है। इसके साथ दो शराब तस्करों को भी दबोचा है। जिनके कब्जे से 150 पाव देशी शराब जब्त की गई है।

टीआई प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि सफेद रंग की बोलेरो क्रमांक एमपी 20 टीए 1063 में अवैध शराब की परिवहन किया जा रहा था। सूचना पर कैंसर विभाग मेडिकल कॉलेज के सामने मेन रोड पर दबिश दी गई। काली फिल्म लगी बोलेरो को रोका गया। चालक नमा अमित मेश्राम 32 वर्ष निवासी शांतिनगर परसवाड़ा संजीवनीनगर, गोपाल गुप्ता 25 वर्ष निवासी भैरवबाबा मंदिर के पास शास्त्रीनगर तिलवारा को दबोचा गया। बोलेरो चालक के बाजू वाली सीट के पास रखे 3 कार्टून में कुल 150 पाव देशी शराब रखे मिले, उक्त शराब के संबंध में पूछने पर धनवंतरीनगर शराब दुकान से शराब लेकर शास्त्रीनगर निवासी टोनी के यहां देने जाना बताते हुये उक्त शराब धनवंतरीनगर शराब दुकान के मैनेजर विवेक सिंह द्वारा भेजना बताये। आरोपियों के कब्जे 150 पाव देशी शराब एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो क्रमांक एमपी 20 टीए 1063 जप्त करते हुये आरोपीं अमित मेश्राम, गोपाल गुप्ता, विवेक सिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया।

हाईकोर्ट व जिला बार चुनाव से पहले प्रतिनिधित्व का मुद्दा गरमाया

जबलपुर। हाईकोर्ट अधिवक्ता संघ और जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के चुनाव से पहले भारसाधक (तदर्थ) समिति के गठन और उसमें सामाजिक विविधता का मुद्दा गर्मा गया है। ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने एमपी स्टेट बार काउंसिल को ज्ञापन देकर मांग की है कि चुनाव कराने के लिए तत्काल भारसाधक समितियां गठित की जाएं और उनमें ओबीसीए एससीए एसटी तथा महिलाओं को अनुपातिक प्रतिनिधित्व दिया जाए। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने अनुसार एसोसिएशन का कहना है कि जिला अधिवक्ता संघ का कार्यकाल अप्रैल 2026 और हाईकोर्ट अधिवक्ता संघ का कार्यकाल 23 मई 2026 को समाप्त हो चुका है। इसके बावजूद वर्तमान कार्यकारिणियों की देखरेख में चुनावी प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, जबकि माडल बायलाज के अनुसार कार्यकाल समाप्त होने पर राज्य अधिवक्ता परिषद को तदर्थ समिति नियुक्त करनी चाहिए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समिति गठित नहीं की गई तो निष्पक्ष चुनाव की मांग को लेकर हाईकोर्ट की शरण ली जाएगी।

हाईकोर्ट बार पहुंचे महापौर, पार्किंग से लेकर विकास तक हुई चर्चा

जेडीए अध्यक्ष ने भी सहयोग का भरोसा दिलाया, हनुमान मंदिर में किया पूजन

जबलपुर। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के अध्यक्ष संदीप जैन ने बुधवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन पहुंचकर पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं से संवाद किया। कार्यवाहक अध्यक्ष अमित जैन और सचिव अधिवक्ता परितोष त्रिवेदी की मौजूदगी में अधिवक्ताओं ने सबसे पहले पार्किंग की समस्या उठाई। इसके साथ ही हाईकोर्ट परिसर के विकास और भविष्य की रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

महापौर ने अधिवक्ताओं की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके निराकरण का भरोसा दिलाया। इससे पहले उन्होंने जेडीए अध्यक्ष के साथ हाई कोर्ट परिसर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा.अर्चना और आरती कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर हाईकोर्ट बार के अधिवक्ता सत्येन्द्र ज्योतिषी का वर्धापन दिवस भी बार परिसर में सादगी और आत्मीयता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता प्रदीप शर्मा, राजेश दुबे, धीरज सिंह ठाकुर, पार्थ पांडे सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्ति के बाद काटी गई राशि एक माह में लौटाने के निर्देश

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगत की एकलपीठ ने सरकारी कर्मचारियों की पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों में वर्षों बाद की जाने वाली वसूली पर कड़ा संदेश दिया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार अपने ही नियमों और समय-सीमा का पालन नहीं करती, तो सेवानिवृत्त कर्मचारी को उसकी कीमत नहीं चुकानी पड़ेगी। उक्त मत के साथ एकलपीठ ने न केवल वसूली आदेश रद्द किया, बल्कि पहले से काटी गई राशि भी 30 दिन में लौटाने के निर्देश दिये है। हाईकोर्ट ने एसएएफ 25 बटालियन भोपाल से सेवानिवृत्त सिपाही शैलेन्द्र कुमार की याचिका स्वीकार करते हुए उक्त निर्देश दिये। न्यायालय सेवानिवृत्ति के बाद जारी वसूली आदेश को अर्वध घोषित कर दिया। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता से वसूली गई पूरी राशि 30 दिनों के भीतर वापस की जाए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मोहन लाल शर्मा ने दलील दी कि सेवानिवृत्ति के बाद अतिरिक्त भुगतान की वसूली, सर्वोच्च न्यायालय के रफीक मसीह बनाम पंजाब राज्य निर्णय के विपरीत है।

यातायात बाधित | मुख्य मार्ग पर बस और मालवाहक वाहनों की आवाजाही से यातायात प्रभावित

धीमी रफ्तार में शहर : भारी वाहनों से जाम के हालात

नवभारत , जबलपुर । शहर के प्रमुख मार्गों पर दिन के समय भारी वाहनों की मौजूदगी के कारण यातायात की रफ्तार धीमी पड़ती नजर आ रही है वहीं नेपियर टाउन , रसल चौक में सड़क पर बस, मालवाहक वाहन और अन्य बड़े वाहनों के एक साथ आने से आम लोगों को जाम जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन चालक सीमित जगह से निकलने को मजबूर हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

पीक ऑवर्स में बनते हैं जाम के हालात

सुबह कार्यालय समय, स्कूल-कॉलेज खुलने और दोपहर के समय सार्वजनिक परिवहन व निजी वाहनों की संख्या बढ़ने से सड़क पर जाम जैसी स्थिति बन जाती है। वाहन चालकों को बार-बार रुकना पड़ता है, जिससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी होती है।

भारी वाहनों की आवाजाही से बढ़ा दबाव

मुख्य मार्ग पर बस, मालवाहक वाहन और निजी गाड़ियों की एक साथ आवाजाही के कारण सड़क पर लगातार दबाव बना रहता है। बड़े वाहनों की धीमी गति का असर पीछे चल रहे सैकड़ों वाहनों पर पड़ता है, जिससे ट्रैफिक रेंगता हुआ नजर आता है। कई बार कुछ सौ मीटर का सफर तय करने में भी कई मिनट लग जाते हैं।

इनका कहना है

मेरी दुकान सड़क किनारे है, इसलिए रोजाना ट्रैफिक की स्थिति देखने को मिलती है। सुबह और शाम के समय वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। भारी वाहन निकलने के कारण छोटे वाहन चालकों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है और कई बार जाम जैसी स्थिति बन जाती है।

दीनानाथ

भारी वाहनों और लगातार बढ़ती भीड़ के कारण समय पर पहुंचना मुश्किल हो जाता है। कई बार सड़क पार करना भी चुनौतीपूर्ण होता है। यदि ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर हो और पीक ऑवर्स में वाहनों का संचालन व्यवस्थित किया जाए, तो छात्रों और आम लोगों को काफी राहत मिल सकती है।

पीयूष

मैदान में सजा था जुआ फड़

नवभारत, जबलपुर। अधारताल पुलिस ने कंचनपुर मैदान में सजे जुआ फड़ पर छापा मार कार्रवाई करते हुए आठ जुआरियों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से नगद 11 हजार 380 रूपये जप्त किए गए। टीआई विपिन ताम्रकार ने बताया कि कंचनपुर मैदान में ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे प्रदीप जैन निवासी दीक्षितपुरा कोतवाली, अभय सोनी निवासी फूटाताल बेलबाग, राहुल ताम्रकार निवासी दीक्षितपुरा मौलाना की गली कोतवाली, आलोक सोनी निवासी समता कालोनी शांतिनगर, अतुल सोनी निवासी कोतवाली, रवि जैन निवासी खटीक मोहल्ला सराफा, बाबर उर्फ जहीरूद्दीन खान निवासी मौलाना की गली, शैलेन्द्र अग्रवाल निवासी घोड़ा नक्काश हनुमानताल को दबोचा गया। जुआडियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते, 11 हजार 380 रूपये जप्त करते हुये जुआडियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

सीएम से मिलने के पहले मां-बेटी को पुलिस ने उठाया

अजाक थाने में दो घंटे जबरन बैठाया, पुलिसिया कार्रवाई पर उठे सवाल

जबलपुर। मुख्यमंत्री मोहन यादव बुधवार को जबलपुर दौरे पर थे इस दौरान मां-बेटी उनसे मिलने के लिए जा रहा था जिसकी भनक लगते ही पुलिस ने दोनों को रास्ते में उठा लिया । आरोप है कि पुलिस ने बेवजह उन्हें अजाक थाने में जबरन बैठाए रखा था । अवैध तरीके से हिरासत में रखने पर पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल उठ गए है ।

जानकारी के मुताबिक घमापुर शीतलामाई निवासी मां बेटी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलने मानस भवन जा रही थी लेकिन रास्ते में पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया । जिसके बाद पुलिस उन्हे मदनमहल थाना परिसर में स्थित अजाक थाना लेकर पहुंची जहां उन्हें करीब दो से ढाई घंटे जबरन अवैध हिरासत में रखा। महिला का आरोप है कि पुलिस उन पर सुबह से नजर रखी थी। दोपहर बाद जब वे अपनी बेटी के साथ जा रही थी तभी ब्यौहारबाग के पास उसे रोककर जबरन वाहन में बैठाया गया और देर शाम तक थाने में रखा गया। महिला ने इस दौरान मारपीट किए जाने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि वे न्याय के लिए दरदर भटक रही है लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है। कुछ समय पहले मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान उसे भोपाल बुलाकर न्याय दिलाने का भरोसा दिया गया था, लेकिन मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी कारण वह अपनी बेटी के साथ पुन: मुख्यमंत्री से मिलने जा रही थी तभी पुलिस द्वारा उसे और उसकी बेटी को अवैध तरीके से हिरासत में लिया और मदन महल थाना क्षेत्र स्थित अजाक थाने में जबरन बैठाए रखा ।

कलेक्टर के सामने भी जोड़े थे हाथ

विदित हो कि मां बेटी पूर्व में कलेक्टर के सामने भी हाथ जोड़कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग कर चुकी है। उनका आरोप है कि वे पड़ोसियों की प्रताड़ना से परेशान है घमापुर थाने में शिकायत करने के बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है।

इनका कहना है

मां-बेटी को क्राइम ब्रांच एवं महिला थाने की पुलिस लेकर आई थी। कारण पूछने पर उन्होंने जानकारी नहीं दी है।

मनोज कुमार त्रिपाठी, अजाक थाना प्रभारी